बावा लाल का जन्मदिन आया

बावा लाल का जन्मदिन आया (कोटिन-कोटि हार्दिक बधाई)

धुनः श्याम चूड़ी बेचने आया बावा लाल का जन्म दिन आया। हर तरफ है आनंद छाया।।

सत्य धर्म की राह दिखलाने को।
जीने का ढंग सिखलाने को ।।
गोविंद गुरू रूप धराया
हर तरफ है आनंद छाया,

सतगुरु का तेज़ निराला है।
मिटा अन्धकार हुआ उजाला है।।
गुरू ज्ञान का दीप जलाया
हर तरफ है आनंद छाया,

डफ ढोल शनाईयां बाज रहे।
सब झूम झूमकर नाच रहे।।
शुभ दिन शुभ वार है आया
हर तरफ है आनंद छाया,

कहै 'मधुप हरि' मंगल गावो।
कर दर्शन परम आनंद पावो ।।
जग तारन सतगुरु आया
हर तरफ है आनंद छाया

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34354/title/baba-laal-ka-janam-din-aaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |